श्रम मंत्रालय में राज्य मंत्री और कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामजी लाल सुमन) : (क) से (घ) प्रश्न मे उल्लिखित जन सभा मे उप प्रधान मत्री ने अहीर और गुर्जर समुदायो सहित अन्य कृषक समुदायो को आरक्षण के लाभ देने के प्रश्न पर विचार करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा नियुक्त गुरनाम सिह आयोग का हवाला दिया था । यह व्यक्तिगत विचार के प्रकार है ।

सिविल पदो और केन्द्रीय सरकार के अन्तर्गत सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम और वित्तीय सस्थाओ मे सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गो के लिए नौकरियो मे 27 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के भारत सरकार के निर्णय (13-8-90 के आदेश में निहित) और मडल आयोग की रिपोर्ट को विभिन्न रिट याचिकाओ के माध्यम से चुनौती दी गई है । जिस पर उच्चतम न्यायालय की सविधान पीठ द्वारा अब सुनवाई की जा रही है । उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया है कि भारत सरकार के उपर्युक्त आदेश के कार्यान्वयन पर कोई कदम न उठाया जाए सिवाय इसके कि जब तक सुनवाई नही की जाती, लाभान्वित होने वाली जातियो का पता लगाया जाए और 13-8-90 के आदेश के कार्यक्षेत्र का विस्तार न्यायालय की अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा ।

सरकार उच्चतम न्यायालय के निर्णय की प्रतीक्षा कर रही है ।

मंडल आयोग की सिफारिशों के विरोध में किए गए आन्दोलन में हुई जान-माल की क्षति

1473. **श्री प्रभाकर राव कलवला :**

श्री सुरेश कलमाडी :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मंडल आयोग की सिफारिशो के लागू किए जाने के विरोध में हुए आन्दोलन के परिणामस्वरूप हुई जान-माल की क्षति का ब्यौरा क्या है तथा उन छात्रों के नाम क्या-क्या है जिन्होंने आत्महत्या करने का प्रयास किया और जिनकी मृत्यु हो गई थी ;

(ख) क्या सरकार उन परिवारों को, जिन्हे उपर्युक्त अवधि के दौरान जान-माल की क्षति उठानी पडी थी, मुआवजा देने का विचार रखती है ,

(ग) यदि हा, तो कब तक और किस रूप मे तथा मुआवजे की मात्रा कितनी होगी , और

(घ) यदि नही, तो उसके क्या कारण है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कांत सहाय) : (क) से (घ) सभी राज्य सरकारो/सघ शासित क्षेत्रो प्रशासनो से सूचना एकत्र की जा रही है और एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाएगा ।

Parties offered technical know-how by NRDC for manufacturing insecticides

1474. SHRI ASHOK NATH VERMA: Will the PRIME MINISTER be pleased to refer to answer to Starred Question 231 givn in the Rajya Sabha dated 11th August, 1988 and state what are the names of the parties, alongwith products, who have been offered technical know-how by the National Research Development Corporation for manufacturing insecticides, herbicides fungicides, etc and on what terms, product-wise?

THE MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE (SHRI KAMAL MORARKA): The names of the parties alongwith products to whom the know-how for the manufacture of insecticides, herbicides and fungicides has been released by the National Research Development Corporation (NRDC) for commercial production are set out in Enclosure. The technology payments by way of lumpsum premium for these insecticides, herbicides and fungicides have ranged